दिनांक 30.03.2025
प्रेस विज्ञप्ति 48/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना नई मण्डी</u>

चोरी की घटना का अनावरण

06 अभियुक्त गिरफ्तार

चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 60 हजार रूपये नगद

02 मोटर साइकिल बरामद

दिनांक 29.03.2025 को थाना नई मण्डी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाल्मिकी मोहल्ला कूकड़ा के पास से 06 अभियुक्तों 1–नबिया 2–इस्तकार 3–शाहिद 4–अब्दुल रहमान उर्फ बिल्ला 5–सुहेल राज 6–इलमान को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 60 हजार रूपये नगद, 02 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17/18.03.2025 को थाना नई मण्डी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–नबिया निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा जनपद मेरठ।

2–इस्तकार निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा जनपद मेरठ।

3–शाहिद निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा जनपद मेरठ।

4–अब्दुल रहमान उर्फ बिल्ला निवासी सोतीगंज थाना सदर बाजार जनपद मेरठ।

5–सुहेल राज निवासी जली कोठी थाना देहली गेट जनपद मेरठ।

6—इलमान निवासी पुरबा अहमदनगर जली कोठी थाना देहली गेट जनपद मेरठ।

बरामदगी

1—चोरी के माल बिक्री के 01 लाख 60 हजार रूपये नगद।

2—02 मोटर साइकिल।

जनपद बलिया/थाना कोतवाली

- **अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 अवैध पिस्टल मय 10 मैग्जीन .32 बोर**
- **06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 30.03.2025 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर श्रीराम घाट के पास से अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्तों 1—सोनू कुमार 2—मो0नबीउल्ला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 05 अवैध पिस्टल मय 10 मैग्जीन .32 बोर, 06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—सोनू कुमार निवासी महादेवपुर महौली थाना मुफस्सील जनपद मुंगेर बिहार।

2—मो0नबीउल्ला निवासी मिर्जापुर बरदाह थाना मुफस्सील जनपद मुंगेर बिहार।

बरामदगी

1—05 अवैध पिस्टल मय 10 मैग्जीन .32 बोर।

2–06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

3–02 मोबाइल फोन।

4–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट बरेली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 29.03.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट बरेली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हुरहुरी चौराहा के पास थाना मीरगंज जनपद बरेली से 02 अभियुक्तों 1–नरेशपाल 2–राजकुमार उर्फ डोरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मीरगंज जनपद बरेली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–नरेशपाल निवासी ग्राम गौटिया डालचन्द थाना सिरौली जनपद बरेली।

2–राजकुमार उर्फ डोरी निवासी ग्राम मानपुर थाना आंवला जनपद बरेली।

बरामदगी

1–लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्टसगंज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये कीमत के 898 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 टैंकर आदि बरामद**

दिनांक 29.03.2025 को थाना रॉबर्टसगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुकृत से हिन्दुआरी मार्ग से अभियुक्त जगमाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लगभग 50 लाख रूपये कीमत के 898 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 टैंकर आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्टसगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—जगमाल निवासी सालूजी का तला थाना बायटु जनपद बालोतरा राजस्थान।

बरामदगी

1—लगभग 50 लाख रूपये कीमत के 898 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—01 टैंकर आदि।

जनपद शाहजहाँपुर/थाना जलालाबाद

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 किलोग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम**
- **19 हजार 200 रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 29.03.2025 को थाना जलालाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम अतीवरा के पास से अभियुक्त मोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 किलोग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम, 19 हजार 200 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना जलालाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मोनू निवासी मो0नौसारा दयालनगर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी

1–01 किलोग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम।

2–19 हजार 200 रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन आदि।

––––––